## ऑपरेशन सिंदूर पर सेना के शौर्य के सम्मान में काव्य समारोह

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आपरेशन सिंदूर पर सेना के शौर्य के सम्मान में हाउसिंग बोर्ड कालोनी, शिव साईं मंदिर परिसर में काव्य समारोह आचार्य पंडित भैयाराम लहरिया के सानिध्य, डॉ अनंत दुबे के मुख्य आतिथ्य, सुनील कोठारी की अध्यक्षता एवं गणेश कुमार चतुर्वेदी, सीबी शर्मा, महेश त्रिपाठी , बाबी मिश्रा, अशोक त्रिपाठी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पर क्षेत्रीय वरिष्ठ जन परिषद एवं नरसिंह साहित्य परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि डॉ.शंकर सहर्ष का शाल, श्रीफल, एवं मालार्पण कर जन्मोत्सव मनाया गया । क्लब की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भारतीय सेना ने अपने कुशल युद्ध प्रबंधन द्वारा देश का मस्तक ऊंचा कर किया है । सिंदूरी काव्य समारोह का शुभारंभ कृष्णकांत चौबे की सरस्वती वंदना से हुआ फिर उन्होंने पढ़ा- मैं भारत माता की जयकर लगाऊंगा ।हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ जाऊंगा । गणेश कुमार सोनी



प्राध्यापक ने पढ़ा - वो शब्द मैं कहाँ से ढूंढ़ कर लाऊं, जिन शब्दों से तुम्हारे प्रेम को गढ़ सकूं। उस प्रेम को गढ़ सकूं । करेली से पधारे अमित जैन संजय तालियां बजवाते हुए पढ़ा- बहुत हो चुका अब हम हिंदुस्तान नहीं झुकने देंगे।

आम गांव से पधारे हास्य कवि सुनील तन्हा ने तालिका बजवाते हुए पढ़ा देश पर मर मिटने का अरमान रखता हूं । मैं अपने दिल में हिंदुस्तान रखता हूं । त्रिमूर्ति क्लब के संस्थापक एवं ख्यात लब्ध कवि डॉ. शंकर सहर्ष ने सिंदूर की ताकत का बखान करते हुए तालिया बजवाकर पढ़ा-सुहागन के तपों की शान है सिंदूर भारत का । सनातन शौर्य की पहचान है सिंदूर भारत का ।माथे पर सजा सिंदूर यदि कोई उजड़ेगा, बुंदेली गीतकार महेंद्र मोती ने शानदार प्रस्तुति दी बरमान से पधारे कवि ध्यान सिंह कौरव ने मां पर अच्छी प्रस्तुति देते हुए फेरी जब जब लगे प्रभाती, तेरी जय जय कर रहे मां। दसों दिशा धरती अम्बर में, तेरा गुंजित गान रहे मां । मेख से पधारे कवि सत्यम नेमा ने शानदार प्रस्तुति देते हुए उर में उमंग रहे मन में तरंग रहे। करेली से पधारे मधुर गीतकार अंशुल नादान ने गुनगुनाया लहर बन के आई चली भी गई, हम नदी के किनारे खड़े रह गये। कुंज बिहारी यादव ने सरस संचालन करते हुए मैं भारत माता की जयकर लगाऊंगा ।हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ जाऊंगा ।

सूर्य कांत साहू ने रक्तपात बलिदानों से हमने आजादी पायी है । प्रशांत शर्मा ने एक चिड़िया आसमां में हिंद की जय गा रही है ।अंत में पधारे हुए कवियों एवं श्रोताओं का आभार प्रदर्शन त्रिमूर्ति क्लब की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी द्वारा किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में एके खरे, डीडी गोस्वामी, यूएस उपाध्याय, अनिल राय, एसके चतुर्वेदी, अशोक वर्मा, पंडित एम एल हरदेनिया, राजेंद्र शर्मा, गौरव लहरिया, संजय खरे, दीपक श्रीवास्तव, विनोद तिवारी बंधु, रमेश मेहरा,विनय राय, अनुज, कमला मिश्रा, नीता शर्मा, ज्योति पचौरी, भागवती राय, सरोज शर्मा, कुसुम राजपूत,बलजीत कौर सुमन शर्मा, रजनी नेमा, राधा मेहरा सहित सभी कालोनी वासियों का विशेष योगदान रहा ।

## पुलिस अधीक्षक ने किया थाना करेली का आकस्मिक निरीक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर द्वारा आज थाना करेली आकास्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें उनके द्वारा थाने के रिकार्ड, रजिस्टर, लंबित शिकायत रजिस्टर एवं हवालात को चैक किया जाकर थाने के रखरखाव एवं रिकार्ड के संधारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिए गए कि नवीन कानून के तहत ऑनलाईन प्रक्रिया को सुदृढ बनाया जावे साथ ही लंबित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इंसान एवं शिकायत पत्रों का त्वरित निराकरण किया जावे साथ ही निर्देश दिए गए कि ऐसे स्थानों को चिन्हित करे जिन स्थानों पर विभिन्न अपराधों की घटनाएं अधिक होती है तथा उन स्थानों पर निरंतर पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करे साथ ही थाना प्रभारी स्वयं भी सुबह/शाम उक्त चिन्हित स्थानों पर भ्रमण करे। साथ ही क्षेत्र में घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जावे। क्षेत्र में अवैध शराब, सट्टा, जुआ जैसे अपराधों पर पूर्णत: अंकुश लगाया जाना सुनिश्चित करें, एवं कारगर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जावे, इसी के साथ-साथ आदतन अपराधियों पर कारगर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जावे। गुण्डा वदमाश, आदतन अपराधी, निगरानी वदमाश एवं जेल रिहाई की निरंतर चैकिंग की जाए।

## सार-समाचार



### श्रीरामकथा में श्रीराम-भरत मिलाप और भरत चरित का हुआ बखान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नौ दिवसीय संगीतमय श्रीरामकथा के सातवें दिन कथा वाचक पंडित संतोष रामशंकर महाराज ने श्रीराम और भरत के बीच के प्रेम और समर्पण की कथा को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि कैसे भरत ने अपने भाई श्रीराम के प्रति अपनी निष्ठा और प्रेम को प्रदर्शित किया। जब उन्हें ज्ञात हुआ कि, उनकी माता कैकयी की वजह से उनके ज्येष्ठ भ्राता श्रीराम को भाभी जानकी व अनुज लक्ष्मण के साथ 14 बरस के लिए वनवास को जाना पड़ा तब उन्होंने चित्रकूट जाकर श्रीराम से भेंट कर उन्हें वापस लाने का निश्चय किया। वन में अपने दोनों भाइयों व भाभी सीता से मिलकर उन्होंने उनसे वापस अयोध्या चलने का आग्रह किया लेकिन, पिता को दिए वचन की वजह से श्रीराम ने यह अनुरोध ठुकरा दिया तब भरत ने वनवास की अवधि के दौरान वनवासी की तरह जीवन बिताने और उनकी चरण पादुकाओं को अपने सिंहासन पर रखकर राज्य करने का संकल्प लिया। कथा वाचक ने भरत के चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपने भाई के प्रति अपने प्रेम और समर्पण को दिखाया। भरत का चरित्र हमें सिखाता है कि सच्चा प्रेम और समर्पण क्या होता है और कैसे हमें अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए। भरत ने अपने भाई श्रीराम के प्रति अपनी निष्ठा और प्रेम को प्रदर्शित किया, जो उनके चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता है। भरत ने अपने भाई के लिए राज्य का त्याग किया और उनकी चरण पादुकाओं को अपने सिंहासन पर रखकर राज्य किया, जो उनके त्याग और बलिदान की भावना को दर्शाता है। भरत ने अपने राज्य को धर्म और न्याय के अनुसार चलाया, जो उनके चरित्र की एक और महत्वपूर्ण विशेषता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे।

### पूर्व विधायक ने दी अनिश्चित-कालीन धरना देने की चेतावनी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती सुनीता पटेल द्वारा रविवार को अनुविभागीय अधिकारी गाडरवारा के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम से पत्र प्रेषित किया गया जिसमें उल्लेखित किया गया है किसानों की मांग के अनुसार समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी प्रारंभ की जाए विभिन्न संगठन द्वारा लगातार मांग की जा रही है, लेकिन सरकार ने कोई निर्णय किसानों के हित में नहीं लिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का आगमन आज 9 जून को गाडरवारा में हो रहा है अगर उन्होंने समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी प्रारंभ करने की घोषणा नहीं की तो 10 जून को नई गल्ला मंडी में अनिश्चितकालीन धरना क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती सुनीता पटेल द्वारा प्रारंभ किया जाएग, जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

### पुलिस संरक्षण में फल-फूल रहा जुए का कारोबार, जिम्मेदार मौन

**अनूपपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के नवगठित जिले गौरेला-पेंड्रा मरवाही में अवैध जुए का कारोबार खुलकर फल-फूल रहा है। यह कारोबार सीमा पार मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के जुआरियों द्वारा स्थानीय पुलिस के संरक्षण में तेजी से बढ़ा है। अनूपपुर के शातिर जुआरी रवि, चिंटू, कुंजीलाल समेत अन्य गिरोह के सदस्य जुए को बड़ी संख्या में यहां फैला रहे हैं। मध्य प्रदेश में पुलिस की कड़ी कार्रवाई और दबिश के बाद ये जुआरी गौरेला को अपना नया अड्डा बना चुके हैं। स्थानीय जंगलों में फैले इस अवैध कारोबार से इलाके के स्थायी नागरिक बेहद परेशान हैं। कई परिवार इस सामाजिक बुराई की चपेट में आकर बर्बाद हो चुके हैं। बावजूद इसके, पुलिस प्रशासन मौन साधे हुए है और जुए के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। स्थानीय लोगों ने बार-बार शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने उनकी आवाज़ को अनसुना कर दिया है। उच्चाीधिकारियों द्वारा भी इस गंभीर मामले में चुप्पी साधना जनता के गुस्से को बढ़ा रहा है।

गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिले के गठन के बाद यह पहली बार है जब अंतरराज्यीय जुआरियों का गिरोह जिले के मुख्यालय को अपने कब्जे में लेने में सफल हुआ है। लोगों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन द्वारा संरक्षण के कारण ही यह अवैध कारोबार इतना बड़ा रूप ले पाया है। स्थानीय समाज और जनमानस इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने की सख्त मांग कर रहा है। वे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की उम्मीद करते हैं ताकि जुए के चलते हो रहे परिवारों के विनाश को रोका जा सके।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गाडरवारा आएंगे

### 80. 46 करोड़ रुपए के 135 निर्माण कार्यों का करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन

**गाडरवारा देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को गाडरवारा आयेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11.40 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा स्टेट हैंगर भोपाल से प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12.20 बजे जिले के गाडरवारा में बनाये गये हैलीपेड आयेंगे। वे यहां स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। तदुपरांत मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 2.15 बजे हैलीपेड गाडरवारा से शहडोल जिले के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गाडरवारा में आयोजित कार्यक्रम में 80 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपये रुपये के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री यहां 56 करोड़ 58 लाख 6 हजार रुपये के 67 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 23 करोड़ 88 लाख 24 हजार रुपये के 68 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।



**56 करोड़ 58 लाख 6 हजार रुपये के 67 निर्माण कार्यों का होगा लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में 56 करोड़ 58 लाख 6 हजार रुपये के 67 निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। उनके द्वारा नरसिंहपुर ब्लॉक के अंतर्गत मेहगांव में 66.18 लाख रुपये, चांवरपाठा 29.61 लाख रुपये, पिपरिया में 14.87 लाख रुपये, मडवा में 33.99 लाख रुपये, पटनिया में 16.52 लाख रुपये, डोकरघाट में 79.23 लाख रुपये, जैतपुर में 50.51 लाख रुपये, लवेरी में 46.01 लाख रुपये, चौराखेड़ा में 34.18 लाख रुपये व महमदपुर में 24.11 लाख रुपये की नल जल योजना, गोटेगांव ब्लॉक के अंतर्गत लुरहेटा में 28.28 लाख रुपये, कुसीवाड़ा में 26.67 लाख रुपये, राजाकछार में 50.54 लाख रुपये, नोनिया में 37.55 लाख रुपये, तरवारा में 53.56 लाख रुपये, बगलई में 18.12 लाख रुपये, पिंडरई में 25.9 लाख रुपये, छिंदामानी में 22.57 लाख रुपये, तिरका में 21.58 लाख रुपये व रौसरी में 15.85 लाख रुपये, नरसिंहपुर ब्लॉक के अंतर्गत बरखेड़ा में 34.69 लाख रुपये की नल जल योजना, करेली ब्लॉक के अंतर्गत गोगावरी में 25.82 लाख रुपये, सिमरियाकला में 22.77 लाख रुपये, खिरिया में 19.7 लाख रुपये, बम्होरी में 20.7 लाख रुपये, बम्हनी में 20.7 लाख रुपये, बम्हनी में 36.35, घूरपुर में 14.93 लाख रुपये व निवारी में 39.43 लाख रुपये की नल जल योजना का लोकार्पण करें।

**23 करोड़ 88 लाख 24 हजार के 68 निर्माण कार्यों का करेंगे भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा करीब 23 करोड़ 88 लाख 24 हजार रुपये के 68 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया जायेगा। नरसिंहपुर ब्लॉक में 39.05 लाख रुपये की लागत के ग्राम सगौनीखुर्द में अमृत सरोवर 2.0, 38.06 लाख रुपये के ग्राम तिंदनी में सामुदायिक भवन, 32.06 लाख रुपये के ग्राम तिंदनी में सामुदायिक भवन, 15 लाख रुपये के ग्राम बंधी में सामुदायिक भवन, 15 लाख रुपये के ग्राम मुराछ में सामुदायिक भवन, 15 लाख रुपये के ग्राम मुर्गाखेड़ा में सामुदायिक भवन, 25 लाख रुपये के ग्राम रानी पिंडरई में सामुदायिक भवन, 25 लाख रुपये की लागत के ग्राम झगरहाई में सामुदायिक भवन व 15 लाख रुपये की लागत के ग्राम डुंडीपिंडरई में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री करेली ब्लॉक के अंतर्गत 15 लाख रुपये लागत के ग्राम नयाखेड़ा में सामुदायिक भवन, 15 लाख रुपये लागत के ग्राम रमखिरिया में सामुदायिक भवन, 15 लाख रुपये लागत के ग्राम अम्हेटा में सामुदायिक भवन, 15 लाख रुपये लागत के ग्राम सासबहू में सामुदायिक भवन, 15 लाख रुपये लागत के ग्राम बासादेही में सामुदायिक भवन, 47 लाख रुपये के आमगांवबड़ा में सामुदायिक भवन, 47 लाख रुपये लागत के ग्राम उमरिया में सामुदायिक भवन, 47 लाख रुपये लागत के राजा हिरदैशाह किला के पीछे केरपानी में सामुदायिक भवन, 47 लाख रुपये के खैरीनाका में सामुदायिक भवन, 47 लाख रुपये के बरमान में सामुदायिक भवन व 85.61 लाख रुपये के बघुवार में नाला एवं अंडरग्राउंड नाली निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। नरसिंहपुर ब्लॉक के अंतर्गत 47 लाख रुपये के धमना में सामुदायिक भवन, 47.00 लाख रुपये के ग्राम डेडवारा में सामुदायिक भवन, 39.05 लाख रुपये लागत के ग्राम मचवारा में अमृत सरोवर 2.0 व 38.06 लाख रुपये के ग्राम डुंगरिया में अमृत सरोवर 2.0 निर्माण कार्य एवं 25 लाख रुपये के ग्राम मुंगवानी में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन होगा।

### ऐसी रहेगी नगर की पार्किंग व्यवस्था

मुख्यमंत्री मोहन यादव के गाडरवारा आमगन के दौरान आज यातायात व्यवस्था इस प्रकार रहेगी। कार्यक्रम में शामिल होने हेतु जनता जनार्दन को नरसिंहपुर एवं आस-पास के जिलों से आने वाले वाहनों से कार्यक्रम स्थल तक पहुँचने हेतु मार्ग व्यवस्था, बस हेतु मार्ग करेली, नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा, राजमार्ग की और से आने वाले वाहन शक्कर नदी पुल, महाकाल तिराहा, आमगाँव नाका होते हुए कृषि उपज मंडी गेट क्र.02 में प्रवेश करेंगी।

रायसेन, साईखेड़ा, पिपरिया, सालीचौका कामती,सोयाबीन प्लाँट,जमाड़ा बायपास, चीचली फाटक, चीचली तिराहा होते हुए राज्य बीज निगम परिसर में प्रवेश करेंगी ।

क चीचली, डोंगरगाँव, कल्याणपुर काँच मंदिर,रेल्वे क्रासिंग,चीचली तिराहा होते हुए यशोदा नगर गाडरवारा में प्रवेश करेंगी।

**चार पहिया वाहनों का मार्ग परिवर्तन**-इस प्रकार है करेली, नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा, राजमार्ग-शक्कर नदी पुल, महाकाल तिराहा,आमगाँव नाका, छीपा तिराहा होते हुए भवानी टिम्बर शासकीय अस्पताल के सामने पहुँचेगी।-रायसेन, साईखेड़ा, पिपरिया, सालीचौका की तरफ से आने वाले वाहन कामती, सोयाबीन प्लाँट, आमगाँव नाका, छीपा तिराहा होते हुए भवानी टिम्बर शासकीय अस्पताल के सामने पहुँचेगी। चीचली, डोंगरगाँव, कल्याणपुर से आने वाले वाहन काँच मंदिर, रेल्वे क्रासिंग, चीचली तिराहा होते हुए यशोदा नगर गाडरवारा में प्रवेश करेंगी। **दो पहिया वाहनों हेतु:**- शासकीय पैथलॉजी लैब के सामने सिविल अस्पताल गाडरवारा में पहुँचेगी। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रकार के मालवाहक, भारी,व्यवसायिक एवं अनुमति प्राप्त वाहन का संचालन गाडरवारा नगर में पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। सभी प्रकार के छोटे दो, तीन एवं चार पहिया वाहन पलोटनगंज, पानी की टंकी, तपोवन स्कूल के पास, पाठक तिराहा तक पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। नरसिंहपुर से साईखेड़ा,पिपरिया तरफ जाने वाले तीन एवं चार पहिया वाहन नारगी कल्याणपुर-एनटीपीसी गाडरवारा बाईपास होते हुए जाएंगे। तेंदूखेड़ा से गाडरवारा तरफ जाने वाले तीन एवं चार पहिया वाहन उदयपुरा-साईखेड़ा होते हुए जाएंगे। तेंदूखेड़ा से करेली तरफ जाने वाले तीन एवं चार पहिया वाहन अट्ठाईसा पेट्रोल पंप से कौड़िया होते हुए जाएंगे। गाडरवारा नगर में चुंगी नाका, नया बस स्टैंड, पुरानी गल्ला मंडी,सराफा, झंडा चौक, पुरानी चौकी, चावड़ी से पाठक तिराहा, शक्ति चौक, शिवालय चौक, पुराना बस स्टैंड तक वाहनों का आवागमन सामान्य रहेगा।

## आईजीएनटीयू में धूमधाम से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**अनूपपुर, देशबन्धु।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। हर वर्ष 5 जून को मनाया जाने वाला यह दिवस इस वर्ष विश्वविद्यालय परिसर में विशेष आयोजन और वृक्षारोपण के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी कुलपति प्रो. व्योमकेश त्रिपाठी द्वारा प्रात: 11.30 बजे अकादमिक सभागार क्रमांक 2 में किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ और हरित बनाए रखने के लिए चल रहे प्रयासों की सराहना की और भारत सरकार के स्वच्छ एवं हरित भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने परिसर में बैटरी चालित वाहनों के उपयोग और कूड़ा निपटान के स्थायी उपायों पर बल दिया।

इस अवसर पर आयोजित पर्यावरणीय विमर्श में लगभग 50 शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का



आयोजन उद्यानिकी प्रकोष्ठ द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. शिवाजी चौधरी ने उदघोषक की भूमिका निभाई। उन्होंने इस वर्ष के पर्यावरण दिवस की थीम 卐प्लास्टिक प्रदूषण卐 पर विस्तार से चर्चा की और इसके दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए समाधान प्रस्तुत किए।

विविध वक्ताओं ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. डॉ. तरुण कुमार ठाकुर ने विकसित देशों में पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की और भारत में उन्हें अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। आचार्य अभिलाषा ने कचरा प्रबंधन में गीले व सूखे कचरे के पृथक्कशरण को महत्वपूर्ण बताया। अनिल सिंह गहरवार ने वृक्षारोपण को पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक कदम बताया। सभा के अंत में डॉ. संजीव सिंह ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के पश्चात प्रभारी कुलपति एवं सभी कर्मचारियों द्वारा विश्वविद्यालय तालाब परिसर में 150 अमरूद के पौधे लगाए गए। साथ ही पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा व्यावसायिक अध्ययन विभाग के निकट 50-50 जामुन के पौधों का भी रोपण किया गया। इस अवसर पर उद्यानिकी प्रकोष्ठ के 30 कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें रोहित यादव, प्रांजल सिंह राजपूत और आशीष दूबे की विशेष भूमिका रही। विश्वविद्यालय द्वारा किया गया यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और भावी पीढ़ी के लिए एक हरित और स्वच्छ भविष्य की दिशा में प्रेरणास्पद कदम है।

## चरित्र संदेह को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, मामला पहुंचा कोतमा थाने

**कोतमा, देशबन्धु।** कोतमा थाना क्षेत्र में 2 जून को चरित्रहीनता के संदेह को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस झगड़े में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं और मामले की शिकायत कोतमा थाना में दर्ज कराई गई है। यह विवाद कोतमा नगर के निवासी राजेश पाटस्कर और एक निजी क्लिनिक संचालक तथाकथित डॉक्टर सुजीत गोस्वामी के बीच हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेश पाटस्कर ने 1 जून को कोतमा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि सुजीत गोस्वामी उनके पारिवारिक जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप कर रहे हैं। उनका दावा है कि उनकी पत्नी और सुजीत गोस्वामी के बीच बीते छह महीनों में लगातार घंटों तक मोबाइल पर बातचीत होती रही, जिससे उनके वैवाहिक जीवन में दरार आई। राजेश पाटस्कर ने बताया कि उन्होंने कई बार अपनी पत्नी से इस बातचीत को बंद करने की गुहार की, लेकिन बात नहीं मानी गई।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए